	11. **डॉ. हरप्रसाद शर्मा**, भोपाल (मध्यप्रदेश)	54–57
	तुलसी की दृष्टि में नारी	

6. वैदिक वाङ्मय पक्ष

12. **डॉ. प्रशान्त सिंह,** प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) 58–62
वैदिक युगीन पर्यावरण चिन्तन : एक अनुशीलन

13. **प्रो (डॉ.) मूलचन्द,** चुरू (राजस्थान) 63–67
विश्वशान्ति में श्रीमद्भगवद् गीता की प्रासंगिकता

14. **डॉ. वर्षा एच.पटेल,** शामलाजी (गुजरात) 68–73
पुराण साहित्य में राष्ट्रीय चेतना

7. इतिहासपक्ष

15. **डॉ. प्रीति पाण्डे,** उज्जैन (मध्यप्रदेश) 74–77
प्राचीन भारतीय शिक्षा में नवीन शिक्षा नीति (2020) के तत्त्व

16. **श्वेता नेहा,** वाराणसी (उत्तरप्रदेश) 78–81
स्थायी बंदोबस्त और ग्रामीण समाज में परिवर्तन

17. **डॉ. सुनन्दा कुमारी,** शिवहर (बिहार) 82–86
19वीं सदी में भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक उत्थान में
समाज सुधारकों का योगदान

18. **डॉ. डी.के. चारण,** चुरू (राजस्थान) 87–89
प्राचीन भारत में इतिहासबोध

19. **डॉ. दिनेश महाजन,** इन्दौर (मध्यप्रदेश) 90–94
इन्दौर का ऐतिहासिक नर्मदा आन्दोलन

8. कला-संस्कृति पक्ष

20. **डॉ. दर्मियानसिंह भण्डारी,** टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड) 95–101
गढ़वाल हिमालय में देव संस्कृति आधारित न्याय व्यवस्था

21. **विक्रम झा,** बीकानेर (राजस्थान) 102–105
चित्तौड़गढ़ किले के चित्रांग तालाब की तीन विशिष्ट अप्रकाशित प्रतिमाएँ

22. **ललित शर्मा,** झालावाड़ (राजस्थान) 106–111
आगर मालवा क्षेत्र की पुराकला निधियाँ

9. काव्य साहित्य पक्ष

23. **डॉ. शशिकला,** वाराणसी (उत्तरप्रदेश) 112–120
कुँवर नारायण की कविताएँ : यथार्थ जीवन का दस्तावेज

कुँवर नारायण की कविताएँ : यथार्थ जीवन का दस्तावेज

- डॉ. शशिकला

नयी कविता के सशक्त हस्ताक्षर एवं तीसरे सप्तक के प्रमुख कवि के रूप में कुँवर नारायण का नाम आदर के साथ लिया जाता है। इनका साहित्य, इतिहास एवं मिथक के जरिये वर्तमान को देखने के लिए जाना जाता है। हिन्दी के मुखर कवि होने के साथ-साथ कला के अन्य क्षेत्रों में भी उनका मन खूब रमा है, विशेषकर शास्त्रीय संगीत एवं सिनेमा में उनकी गहरी रुचि रही है। भारतीय साहित्य में कुँवर नारायण की उपस्थिति, इतिहास और मिथक के साथ आधुनिकता में भी दिखाई देती है। कविता लेखन में इनकी विशेष रुचि रही है, इनकी कविताएँ सामाजिक उद्देश्य के साथ एक अनिवार्य संरचना कायम करती हैं। कविता के साथ कहानी लेखन, समीक्षा, सिनेमा, रंगमंच, संगीत एव कला में भी उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एक समालोचक के रूप में उनकी आलोचना, निबन्ध, डायरी, सिने विवेचन और भेंटवार्ताओं की पुस्तकों में, साहित्य, कला, जीवन, समाज एवं राजनीति तथा संस्कृति पर उनका चिन्तन स्पष्ट दिखता है।

कुँवर नारायण ने अपनी कविता यात्रा में हमें कई महत्वपूर्ण संग्रह दिये हैं। चक्रव्यूह (1956), परिवेश: हम तुम (1961), अपने सामने (1979), कोई दूसरा नहीं (1993), इन दिनों (2002), हाशिए का गवाह (2009), आत्मजयी (1965), वाजश्रवा के बहाने (2008), कुमारजीव (2015)। आपको हिन्दी साहित्य के कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों एवं सम्मानों से नवाजा गया है। सर्वप्रथम 1971 में आत्मजयी पर हिन्दुस्तानी अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1992 में उनके कहानी संग्रह आकारों के आसपास पर उत्तर-प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा प्रेमचन्द्र पुरस्कार, 1982 में केरल का कुमारन् आशन् पुरस्कार तथा इसी वर्ष मध्यप्रदेश द्वारा तुलसी पुरस्कार, 1987 में उन्हें दिल्ली साहित्य का विशिष्ट साहित्य रचना सम्मान प्राप्त हुआ। 1995 में कोई दूसरा नहीं काव्य संग्रह के लिए साहित्य अकादमी एवं व्यास सम्मान, 1995 में ही भवानी प्रसाद मिश्र पुरस्कार तथा भारतीय भाषा परिषद द्वारा शतदल पुरस्कार भी मिला। 2001 में राष्ट्रीय कबीर सम्मान, 2009 में साहित्य का सर्वोत्कृष्ट सम्मान 41 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2009 में ही उन्हें राष्ट्रीय सम्मान पद्मभूषण से भी सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों के अलावा उन्हें रोम के अन्तर्राष्ट्रीय प्रामिओ फेरोनिया पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

वर्ष 2009 में दो-दो बड़े पुरस्कारों का मिलना निश्चित रूप से गर्व की बात है। यह केवल कुँवर नारायण का ही नहीं, संपूर्ण साहित्य जगत का सम्मान था। इसके बाद ही साहित्य जगत ने कुँवर नारायण को हाथों-हाथ लिया। आलोचक कृष्णदत्त पालीवाल का कथन है-''भारतीय ज्ञानपीठ ने कुँवर नारायण के कवि कर्म की तटनिष्ठ और तपसिद्ध भारतीय निर्विकार सर्जनात्मकता के प्रति जो सम्मान व्यक्त किया है वह वास्तव में भारतीय चिन्तन की वैदिक परम्परा, उपनिषद्, वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति और कबीर, प्रसाद, निराला और अज्ञेय का सम्मान है।''

कुँवर नारायण की पोलैण्ड यात्रा और द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की भयानक त्रासदी तथा माता एवं बड़ी बहन की असामयिक मृत्यु ने इनके जीवन को गहरा आघात दिया, जिसकी दार्शनिक परिणति

चक्रव्यूह काव्य संग्रह में देखी जा सकती है। इनके लेखन की शुरूआत 20 वर्ष की अवस्था में ही अंग्रेजी भाषा में कविताएँ लिखने से हुई किन्तु काव्य यात्रा की मुकम्मल शुरूआत 1956 में चक्रव्यूह कविता संग्रह से होती है। कुँवर नारायण इस कविता संग्रह में इतिहास और मिथक के साथ अलग आधुनिकता बोध लेकर आते हैं जो हिन्दी साहित्य में अद्वितीय है। इस कविता संग्रह के महत्व के विषय में वे स्वयं कहते हैं-''चक्रव्यूह मेरे लिए मानसिक यात्रा रहा है। एक भटकता हुआ सौन्दर्यबोध जो जीवन को टटोलता है, स्वीकृत होने के लिए, एक सहानुभूतिपूर्ण स्पर्श के लिए।''

इस संग्रह की सबसे अन्तिम कविता चक्रव्यूह जिसमें अभिमन्यु एवं उसके चक्रव्यूह भेदन वाले कथानक को प्रतीक रूप में लिया गया है। यह प्रतीक अतीत संस्कृति से ग्रहण किया गया है और यह महाभारत के उपाख्यानों पर आधारित है। इसके कथानक की महत्ता दो दृष्टियों से है-प्रथम वह जो समाज में छला गया और दूसरा वह जो निर्भय होकर समाज से लड़ रहा है।

''यह महासंग्राम
जहाँ सदियों पुराना व्यूह, जो दुर्भेद्य था, टूटा
जहाँ अभिमन्यु कई आतंक से छूटा।
जहाँ उसने विजय के चन्द घातक पलों में जाना
कि छल के लिए उद्यत, व्यूह रक्षक वीर कायर हैं।''(चक्रव्यूह)

यहाँ यह बात ध्यान आकर्षित करती है कि चन्द घातक पल में भी संघर्षशील व्यक्ति अपने साहस का दामन नहीं छोड़ता है अपितु परंपराओं से, रूढ़ियों से संघर्ष करने के लिए कटिबद्ध है। चक्रव्यूह में जिस टूटे हुए पहिए का बिम्ब कवि ने प्रस्तुत किया है वह साधनहीन, दीन दुःखी, लघु मानव का प्रतीक है अर्थात् लघुमानव के व्यक्तित्व को प्रतिष्ठापित करने के लिए इस प्रतीक को लिया है-

''वह जीव हूँ निष्पाप
जिसको पूजकर मारा गया
वह शीश जिसका रक्त सदियों तक बहा
वह दर्द जिसको बेगुनाहों ने सहा।''(चक्रव्यूह)

वह दर्द जिसको बेगुनाहों ने सहा अर्थात् वह साधनहीन व्यक्ति जो समाज में सदियों से संघर्ष ही करता रहा, उसका कोई गुनाह नहीं था परन्तु गुनहगारों की भाँति वह सदियों से दर्द सहता आ रहा है। यही नहीं समकालीन जीवन की परिस्थितियों को समझने के लिए कवि ने पौराणिक प्रतीकों की संवेदना और मिथक का प्रयोग गहराई से किया है। इन मिथकों के आधार पर आधुनिक परिस्थितियों को अधिक से अधिक प्रासंगिक बनाने का प्रयास किया है-

''मैं नवागत वह अजित अभिमन्यु हूँ
प्रारब्ध जिसका गर्भ से ही हो चुका निश्चित
अपरिचित जिन्दगी के व्यूह में फेंका हुआ उन्माद
बांधी पंक्तियों को तोड़कर
क्रमशः लक्ष्य तक बढ़ता हुआ जय नाद।'' (चक्रव्यूह)

ऐसा साधनहीन व्यक्ति जिसका निर्धारण गर्भ में ही हो जाता है कि उसे इस संवेदनहीन संसार में संघर्ष और केवल संघर्ष ही करना है। महाभारत की इस प्रसिद्ध घटना को चित्रित कर कवि ने अभिमन्यु के संघर्ष को वर्तमान जीवन संघर्ष में जीवन्त कर दिया है।

कुँवर नारायण के साहित्य में वैविध्य है। वही वैविध्य जो नागार्जुन में है। इनके साहित्य का महत्व इसी से जाना जा सकता है कि इनकी कृतियों का अनुवाद लगभग पैंतीस भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में किया जा चुका है। कवि की मूलभूत विशेषता है कि वह साहित्य से सकारात्मक चीजें ही ग्रहण करते हैं। आज के इस संवेदनहीन समाज में गरीबों, मजदूरों का शोषण मनुष्यता का जीवन मूल्य बन गया है-

"हे राम
जीवन एक कटु यथार्थ है
और तुम महाकाव्य
तुम्हारे बस की नहीं
उस अविवेक पर विजय
जिसके दस बीस नहीं
अब लाखों सिर लाखों हाथ हैं
और विभीषण भी अब
न जाने किसके साथ है।" (अयोध्या, 1992)

इस भूमण्डलीकरण के युग में संवेदनहीनता ने इतनी गहरी पैठ बना ली है कि मूर्खों के विवेक पर विजय प्राप्त कर सकना आधुनिक युग के राम के वश की बात नहीं रह गयी है। आज मनुष्यता की यह विडम्बना है कि राम जो मर्यादा पुरुषोत्तम रूप लेकर अवतरित हुए थे वह भी इस संवेदनहीन समाज के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि विभीषण के रूप में रावण कौन है यह समझ पाना नामुमकिन है। इसी कविता में अयोध्या के विवादास्पद स्वरूप एवं अपनी स्वार्थपूर्ति हेतु चुनावी राजनीति एवं राजनेताओं ने मनुष्य समाज को जंगल से भी अधिक बीहड़ बना दिया, जहाँ मनुष्य भरी भीड़ में खुद को असुरक्षित महसूस करता है-

"अयोध्या इस समय तुम्हारी अयोध्या नहीं
योद्धाओं की लंका है
मानस तुम्हारा चरित नहीं
चुनाव का डंका है।

X X X

अब के जंगल वो जंगल नहीं
जिनमें घूमा करते थे वाल्मीकि।" (अयोध्या, 1992)

जिस रामचरित मानस का नाम ले लेने से संपूर्ण भारतीय संस्कृति का दर्शन हो जाता था आज वह कवि को खतरे में नजर आ रहा है इसलिए कवि कहता कि- 'हे राम तुम लौट जाओ।' कुँवर नारायण समाज की ऐसी सारी व्यवस्थाओं पर प्रहार करते हैं, जिनमें मनुष्य के संवेदनशील बने रहने की स्वतंत्रता

गहराई में प्रवेश करता है तथा उसके लिए उत्तरदायी परिस्थितियों एवं कारणों की छानबीन भी करता है।

इनकी कविताओं में वर्तमान और मिथकीय इतिहास के मध्य जो आवा-जाही है, मिथकीय घटनाओं से वर्तमान संवेदना की जो टकराहटें हैं, काल और इतिहास का जो स्वअर्जित काव्य विवेक है और अनुभूति की जैसी शुद्धता है वह हिन्दी कविता के इतिहास में अन्यत्र कम दिखाई देती है। इनकी कविताओं को क्लैसिक्स की श्रेणी में रखा जा सकता है। इस सन्दर्भ में पंकज पराशर का कहना है-"कभी किसी कालिदास को कोई मल्लिनाथ, कभी किसी घनानन्द को ब्रजनाथ, कभी किसी निराला को रामविलास शर्मा मिल जाता है, तो आम जनों को भी ऐसे क्लैसिक्स का सच्चा आनन्द सुलभ हो जाता है.............. मुझे यह विश्वास है कि उनकी रचनाएँ समय के साथ अपनी शक्ति से क्लैसिक्स का दर्जा खुद ब खुद प्राप्त कर लेंगी।"[22] इस कथन से यह विश्वास हो जाता है कि कुँवर नारायण कालिदास, नागार्जुन, निराला की टक्कर के कवि हैं। निश्चित रूप से इनकी कविताओं का गहराई से अध्ययन किया जाय तो वह क्लैसिक्स की कोटि की ही ठहरती हैं।

संदर्भ सूत्र -

1- अन्वय : साहित्य के परिसर में कुँवर नारायण- सं0 ओम निश्चल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0-33

2-अन्विति : साहित्य के परिसर में कुँवर नारायण- सं0 ओम निश्चल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0-204

3-चक्रव्यूह(काव्य संग्रह)-कुँवर नारायण, राधाकृष्ण प्रकाशन, पृ0-46

4-वही, पृ0-45

5-वही, पृ0-44

6-कोई दूसरा नहीं (काव्य संग्रह)-कुँवर नारायण, राजकमल प्रकाशन, पृ0-54

7-वही, पृ0-55

8-वही, पृ0-53

9- अन्वय : साहित्य के परिसर में कुँवर नारायण- सं0 ओम निश्चल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0-204

10-कोई दूसरा नहीं (काव्य संग्रह)-कुँवर नारायण, राजकमल प्रकाशन, पृ0-55

11-अजनबी गुलाब-कुँवर नारायण, हिन्दी समय

12-कोई दूसरा नहीं (काव्य संग्रह)-कुँवर नारायण, राजकमल प्रकाशन, पृ0-45

13-बाक़ी सीढ़ी भी पार- कुँवर नारायण, hindikunj.com

14-इन दिनों (काव्य संग्रह)-कुँवर नारायण, राजकमल प्रकाशन, पृ0-35

15-अन्विति : साहित्य के परिसर में कुँवर नारायण- सं0 ओम निश्चल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0-246

16- इन दिनों (काव्य संग्रह)-कुँवर नारायण, राजकमल प्रकाशन, पृ0-13

17-थोड़ा थोड़ा-कुँवर नारायण, कविता कोश

18-कोई दूसरा नहीं(काव्य संग्रह)-कुँवर नारायण, राजकमल प्रकाशन, पृ0-70

19-एक वृक्ष की [illegible]-कुँवर नारायण, hindwi.com

20-आत्मजयी- कुँवर नारायण, भारतीय ज्ञानपीठ, पृ0-36

21-आत्मजयी- कुँवर नारायण, भारतीय ज्ञानपीठ, पृ0-39

22-अन्वय : साहित्य के परिसर में कुँवर नारायण- सं0 ओम निश्चल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0-324

* एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

[illegible] कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी (उत्तरप्रदेश)-221010

Email: shashi1.bhu10@gmail.com

केरल ज्योति

अक्तूबर 2023

ISSN 2320-9976
UGC Care - List



ISO 9001: 2015

केरल हिंदी प्रचार सभा
तिरुवनंतपुरम

केरलज्योति

केरल हिंदी प्रचार सभा की मुख पत्रिका

(केंद्रीय हिंदी निदेशालय की वित्तीय सहायता से प्रकाशित)

पूर्व समीक्षा समिति

प्रो.(डॉ). एन.रवींद्रनाथ
डॉ. के.एम. मालती
प्रो.(डॉ.) आर. जयचन्द्रन
प्रो.(डॉ). जयश्री.एस.आर

परामर्श मंडल

डॉ.तंकमणि अम्मा एस
डॉ.लता पी
डॉ. रामचन्द्रन नायर जे

प्रबन्ध संपादक

गोपकुमार एस (अध्यक्ष)

मुख्य संपादक/संपादकीय दायित्व

प्रो.डी.तंकप्पन नायर

संपादक

डॉ. रंजीत रविशैलम

संपादकीय मंडल

सदानन्दन जी
श्रीकुमारन नायर एम
प्रो.रमणी वी एन
चन्द्रिका कुमारी एस
एल्सी सामुवल
आनन्द कुमार आर एल
प्रभन जे एस
अधिवक्ता मधु बी (मंत्री)

सूचना : लेखकों द्वारा प्रकट किये गये मत उनके अपने हैं। उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं।

पुष्प : 60 दल : 7 अंक: **अक्तूबर 2023**

अनुक्रमणिका

संपादकीय 5

मानवीकरण के रुजहान के तहत 'चंद्र गहना से लौटती बेर' **प्रो. (डॉ.) मनु** 6

समकालीन हिंदी साहित्य एवं किन्नर विमर्श - **डॉ.गायत्री.एन** 9

वृद्ध विमर्श के आइने में 'रेहन पर रग्घू' - **डॉ.माजिदा.एम** 11

'कचनार' उपन्यास एक परिचयात्मक दृष्टि - **डॉ.षीबा शरत.एस** 13

पद्मा शर्मा के उपन्यास लोकतंत्र के पहरुए में राजनैतिक परिदृश्य - **कृष्ण कुमार थापक** 15

कविता - ममता- **आतिरा.जे.एस** 19

नरेंद्र कोहली और अमीश त्रिपाठी के दृष्टिकोण में सीता- **नीरजा. टी.के.** 20

निर्मल वर्मा की रचना में प्रवासी जीवन - **डॉ. षाजी.एन.** 24

भोजपुरी लोकगीतों में राष्ट्रीय चेतना **डॉ.शशिकला / डॉ.मनोज सिंह यादव** 27

नारी भी मानव है... साधन नहीं (कविता) - **डॉ.लता.डी** 30

साहित्य में किन्नर समाज का यथार्थ - **डॉ.षेनुजा मोल.एच.एन** 31

मैत्रेयी पुष्पा और रमणिका गुप्ता की आत्मकथा: एक तुलनात्मक अध्ययन - **अखिल. ए** 34

'अन्या से अनन्या' में प्रतिपादित नारी संघर्ष-**अश्विनी अजी** 36

देवनागरी लिपि वंदना (कविता) - **मोहन द्विवेदी** 39

हिंदी साहित्य में दलित विमर्श: (दलित कहानियों के विशेष संदर्भ में) - **डॉ. धन्या.बी.** 40

समकालीन हिंदी कविता में बाज़ारवादी संस्कृति-**डॉ.अन्सा.ए** 42

दूनी गाँठ की गठरी - **मूल : के.एल. पॉल**
अनुवाद : प्रो.डी.तंकप्पन नायर व अधिवक्ता मधु.बी. 45

मुखचित्र : स्व. डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन

भोजपुरी लोकगीतों में राष्ट्रीय चेतना

डॉ.शशिकला & डॉ. मनोज सिंह यादव

लोक हमारे जीवन का महासमुद्र है, उसमें भूत, भविष्य और वर्तमान सभी समान रूप से समाहित हैं। लोक ही राष्ट्र का अमर स्वरूप है और लोकगीत लोकमानस की अनुभूतियों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम। लोकगीतों में जीवन की मधुरता, उल्लास एवं संवेदना का अक्षय भंडार भरा हुआ है। इसमें जीवन के किसी एक पक्ष का नहीं बल्कि समस्त ज़गत की अनुभूति दिखाई देती है। लोकगीतों की सहजता एवं सरलता आमजन को प्रभावित किये बिना नहीं रह पाती।

ऋग्वेद सबसे प्राचीन साहित्य है, इनमें मिलने वाली गाथाओं में लोकगीतों की प्राचीनता के संकेत मिलते हैं। इन गाथाओं के अतिरिक्त भी लोकगीत मौखिक रूप से जनमानस में विद्यमान रहे होंगे। ऋग्वेद के साथ साथ ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थों में भी लोकगीतों के संकेत मिलते हैं। गाथाएँ, साधारण जनमानस के मस्तिष्क की उपज है। जब मनुष्य द्वारा कोई बात भाव विह्वल होकर कही जाती है तब व्याकरण के नियम ढीले पड़ जाते हैं और वाक्य विन्यास भावों के अनुरूप हो जाता है। गाथाओं के संदर्भ में कृष्णदेव उपाध्याय लिखते हैं- ये गाथायें राजसूय यज्ञ के अवसर पर गायी जाती थीं, परन्तु विवाह के अवसर पर भी गाथा के गाने का विधान मैत्रायणी संहिता में दिया गया है।"[1]

हिन्दी भाषा-भाषी क्षेत्र के अर्न्तगत भोजपुरी क्षेत्र भी आता है। हिन्दी भाषा के रचनाकारों द्वारा लिखे गये गीत भी भोजपुरी लोकगीत की धारा को आगे बढ़ाते हैं। भोजपुरी लोकगीतों का धरातल विस्तृत फलक पर विद्यमान था, वह केवल घरों तक ही सीमित नहीं थी अपितु सामाजिक, राजनीतिक एवं राष्ट्रीय चेतना से संपन्न थी। भारतेन्दु हरिश्चंद्र भोजपुरी क्षेत्र वाराणसी के रहने वाले थे, उनकी रचना भारत-दुर्दशा में राष्ट्र के प्रति चिन्ता को इस प्रकार व्यक्त किया गया है-

आवहु सब मिलिके रोवहु भारत भाई।
हा! हा! भारत दुर्दशा देखी न जाई।।"[2]

स्वाधीनता संग्राम में आल्हा गाथा का प्रभाव असाधारण था, डॉ. विद्या सिन्हा लिखती हैं- आल्हा लोक की जीवनी शक्ति और उर्जा का महाकाव्य है, यद्यपि आल्हा की मूल गायकी बनाफरी बुन्देली में है, लेकिन बुन्देली में ही उसकी कई वर्णन शैलियाँ हैं। इतना ही नहीं बैसवाड़ी, कन्नौजी, अवधी इत्यादि लोक भाषाओं में भी अलग अलग वर्णन शैलियों की शृंखला है। इनकी विभिन्न शैलियों में हर जनपद की भाषाएं मुहावरे और मिजाज के साथ वहाँ की लोक संस्कृति और लोक चेतना इतनी घुलमिल गई है कि वह उस लोक की अपनी कथा बन गई है। यह परम्परा लोककवि जगनिक के आल्हा गायन से प्रारम्भ हुई थी।"[3] आल्हा उदल की वीरता और 52 युद्धों का ओजपूर्ण वर्णन लोककवि जगनिक ने इस प्रकार किया है- "बड़े लड़इया महोबा वाले,/जिनकी मार सही ना जाए।/एक के मारे दुई मरि जावैं,/तीसर खौ खाय मरि जाए।।"[4]

भारत की आजादी के लिए जो प्रयास किए गये उनमें भोजपुरी लोकगीतों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम का प्रमुख केन्द्र भोजपुरी क्षेत्र ही था, इसी क्षेत्र में चम्पारन आन्दोलन, असहयोग आन्दोलन, भारत छोड़ो आन्दोलन, जलियाँवाला बाग हत्याकांड, संथाल विद्रोह इत्यादि घटनाएं घटित हुई। साधारण जनता अपनी भारत-माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर थी। फिरंगियों की दासता से सभी त्रस्त थे, स्त्री-पुरुष, बच्चे-बूढ़े दासता से मुक्तिके स्वर अलाप रहे थे- भारत में जब जब क्रान्ति भइल।/भोजपुर मनई तब रखले लाज।।"[5]

1857 का स्वतन्त्रता संग्राम लोक का संग्राम था, क्योंकि उस दौरान लोक साहित्य में अंग्रेजी राज के विरुद्ध जनजागरण उत्पन्न करने वाले अनेक लोकगीत विद्यमान थे। लोकगीतों का साहित्य मौखिक माध्यम से प्रसारित होता था, इसलिए इसकी पहुँच जन जन तक थी। लोकगीत जनमानस को स्वतन्त्रता संग्राम से जुड़ने की प्रेरणा प्रदान

ISSN : 2320-7604
RNI NO. : DELHIN/2008/27588
Listed in UGC Care journal
October, 21, Part 1, Serial.No. 143

त्रैमासिक

बहुरि नहिं आवना

अंक-23
अप्रैल, 2023 - जून, 2023
मूल्य : 200 रुपए

आजीवक महासंघ ट्रस्ट द्वारा निर्गत

संस्कृति, धर्म, दर्शन और साहित्य

वर्ष : 15
अंक : 23
अंक : अप्रैल, 2023 - जून, 2023
संस्थाओं के लिए प्रति कापी : 100 रुपए
वार्षिक सदस्यता शुल्क : 3000 रुपए
आजीवन सदस्यता : 10000 रुपए

संपादकीय पता
जे-5, यमुना अपार्टमेंट,
होली चौक, देवली,
नई दिल्ली-110080
मोबाइल : 09868701556
Email: bahurinahiawana14@gmail.com
Website-www.bahurinahiawana.in

Advertisement Rate
Full Page Rs. 20,000/-
Half Page Rs. 10,000/-
Qtr. Page Rs. 5,000/-
Back Cover Rs. 40,000/- (four colour)
Inside Front Rs.35,000/- (four colour)
Inside Back Rs. 35,000/- (four colour)

Mechanical Data
Overall Size 27.5 cms x 21.5 cms
Full Pages Print Area 24 cms x 18 cms
Half Page 12 cms x 18 cms or
24 cms x 9 cms
Qtr Page12 cms x 9 cms

प्रधान संपादक
प्रो. श्यौराज सिंह 'बेचैन'
संपादक
प्रो. दिनेश राम
सहायक संपादक
डा. अनिरुद्ध कुमार 'सुधांशु'
तान्या लाम्बा
भाषा सहयोग
डा. हेमंत कुमार 'हिमांशु'
डा. राजकुमार राजन
कानूनी सलाहकार
एड. सतपाल बिर्दी
एड. संदीप दहिया

संपादकीय सलाहकार एवं विषय विशेषज्ञ
डा. वी. पी. सिंह, प्रो. राजेन्द्र बड़गूजर, बलवीर माधोपुरी, प्रो. फूलबदन, प्रो. नामदेव, प्रो. सुजीत कुमार, डा. चन्देश्वर, डा. दीनानाथ, डा. मोहन चावड़ा, विजय सौदायी, डा. यशवंत वीरोदय, डा. सुरेश कुमार, डा. मनोज दहिया

अप्रवासी समाज, संस्कृति और साहित्य के विशेषज्ञ
ओमप्रकाश वाघा, नरेन्द्र खेड़ा, राम बाबू गौतम, डा. गुलशन नजरोवना जुगुरोवा, डॉ. बयात रहमातोव, डा. सिराजुद्दीन नूरमातोव

- पत्रिका पूरी तरह अवैतनिक और अव्यावसायिक है।
- पत्रिका से संबंधित सभी विवादास्पद मामले केवल दिल्ली न्यायालय के अधीन होंगे।
- अंक में प्रकाशित सामग्री के पुनर्प्रकाशन के लिए लिखित अनुमति अनिवार्य है।
- 'बहुरि नहिं आवना' के सारे भुगतान मनीआर्डर/चैक/बैंक ड्राफ्ट 'बहुरि नहिं आवना' के नाम से स्वीकृत किये जायेंगे।
- स्वामी, संपादक, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रो. दिनेश राम की ओर से भारत ग्राफिक्स, सी-83, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली-20 द्वारा मुद्रित एवं एफ-345, लाडो सराय, नई दिल्ली- 30 से प्रकाशित।
- 'बहुरि नहिं आवना' में प्रकाशित लेखों में आये विचार लेखकों के अपने हैं जिन से संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं।

अनुक्रम

संपादकीय	*–दिनेश राम*	
1. चाण्डालत्व से ब्राह्मणत्व तक : पूर्व-मध्यकालीन भारत में अछूतों के अंदर सामाजिक गत्यात्मकता	*–प्रो. विजया लक्ष्मी सिंह* *–डॉ. प्रेम कुमार*	1
2. हिन्दू कोड बिल	*–डॉ. संजीव कुमार गौतम*	5
3. भीमगीत : भोजपुरी लोक में बहुजन अस्मिता का हस्तक्षेप	*–धनंजय सिंह*	15
4. डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' की कहानियों में चित्रित पहाड़ी जीवन ('बस एक ही इच्छा' कहानी संग्रह के सन्दर्भ में)	*–डॉ. पठान रहीम खान*	21
5. तुलसी के मानस काव्य में लोक दृष्टि	*–डॉ. श्रवण कुमार*	25
6. हैदराबाद का आदि हिन्दू आंदोलन और स्वामी अछूतानन्द 'हरिहर' (1906-1931)	*–अभिलाष वेन्ना*	29
7. मोहनदास नैमिशराय के उपन्यासों में दलित प्रश्न	*–डॉ. राजेंद्र घोडे*	32
8. वृन्दावनलाल वर्मा के उपन्यासों में लोकसंस्कृति	*–डॉ. शशिकला*	35
9. निराला का काव्य और भारतीय संस्कृति	*–प्रज्ञा मिश्रा*	37
10. पद्मा शर्मा की कहानियों में नारी पात्रों की मनःस्थिति का विश्लेषण	*–कृष्ण कुमार थापक* *–डॉ संगीता पाठक*	41 45
11. भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के मध्य सांस्कृतिक संश्लेषण फैलाने में महान सम्राट अशोक का योगदान	*–ललित सिंह*	49
12. दलित जीवन-संघर्ष और मोहनदास नैमिशराय के उपन्यास	*–विद्यार्थी कुमार (शोधार्थी)*	53
13. 'बेघर' उपन्यास : प्रेम एवं पुरुष अहं का संघर्ष	*–श्रीमती मेनुका श्रीवास्तव*	56
14. दलित स्त्री मुक्ति का स्वकथन : अपनी जमीं अपना आसमां	*–कुसुम सबलानिया*	59
15. फिल्म 'कशमकश' और रवींद्रनाथ टैगोर कृत उपन्यास 'नाव दुर्घटना' का तुलनात्मक अध्ययन	*–श्रेयसी सिंह*	63
16. 'सूरजमुखी अँधेरे के' में अभिव्यक्त स्त्री मन की पीड़ा	*–सुमन साहू*	66
17. विमर्शों से आगे : एक रास्ता यह भी	*–डॉ. राजेश कुमार*	69
18. 'उत्कोच' दलित मानवीय संवेदना का सच	*–उषा यादव*	74
19. वर्तमान परिदृश्य में प्राचीन सामाजिक-राजनीतिक चिन्तन की प्रासंगिकता	*–अरुण कुमार*	77
20. महिला सशक्तिकरण और पंचायती राज व्यवस्था : एक अवलोकन	*–डा. ज्योति सिंह गौतम*	81
21. पितृसत्ता का उद्भव और हिन्दी उपन्यास : विशेष संदर्भ जैनेन्द्र का सुनीता	*–डा. रजनी दिसोदिया*	85
22. जापानी इतिहास एवं समाज : एक विश्लेषण	*–डॉ सूरज प्रकाश बडत्या*	90
23. ब्रिटिश शासन एवं क्रान्तिकारी संघर्ष में कानपुर की भूमिका	*–अभिषेक सचान* *–डॉ. आर. के. बिजेता*	95

वृन्दावनलाल वर्मा के उपन्यासों में लोकसंस्कृति

–डॉ. शशिकला

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। इसके महत्व को इसी से समझा जा सकता है कि हजारों वर्षों बाद आज भी यह संस्कृति जीवित है। संस्कृति की बात की जाये तो संस्कृति और समाज का गहरा संबंध है, क्योंकि व्यक्तियों से समाज बनता है और समाज में संस्कार एवं नियम बने होते हैं। आधुनिकता के इस दौर में व्यक्ति जहाँ कुण्ठा, निराशा और तनाव का शिकार हो रहा है, ऐसे समय में परिवार ही एकमात्र ऐसी है शक्ति है जो भावनात्मक एवं नैतिक संबल प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति मनुष्य की छिपी हुई आन्तरिक दिव्यता को प्रकाशित करने का सामूहिक प्रयत्न है। इसकी पहचान देश के विविध धर्म, वर्ग, जाति, परम्परा, रहन-सहन, खान-पान, पहनावा, व्यवहार इत्यादि में दिखता है। रामधारी सिंह दिनकर लिखते हैं–"संस्कृति मानव जीवन में उसी प्रकार व्याप्त है जिस प्रकार फूलों में सुगन्ध और दूध में मक्खन। इसका निर्माण एक या दो दिन में नहीं होता युग-युगान्तर से संस्कृति निर्मित होती है। संस्कृति किसी भी राष्ट्र की उत्कृष्टतम् निधि होती है। राष्ट्र-विशेष का जीवन-स्मरण, उसकी उन्नति-अवनति, प्रतिष्ठा आदि तथ्य उसकी संस्कृति पर आधारित रहते हैं। जिस राष्ट्र की संस्कृति जितनी उदात्त होती है, वह राष्ट्र उतना ही गौरवशाली बनता है।"[1]

बुन्देलखण्ड की लोक संस्कृति भारत एवं विश्व के अनेक लोक संस्कृतियों से भी प्राचीन है। लोक संस्कृति उतनी ही पुरानी है, जितना मनुष्य जीवन। इसलिए उसमें जनजीवन की प्रत्येक अवस्था, वर्ग, समय और प्रकृति सभी कुछ समाहित रहता है। इसमें समरसता का भाव जुड़ा होता है जो लोगों को समता और सहिष्णुता प्रदान करती है। लोक संस्कृति की कलात्मक विशेषताओं एवं रूचियों को लोक कला और जन संस्कृति उजागर करती है। बुन्देलखण्ड में उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्र आंशिक रूप से समाहित हैं। इसके अलग-अलग भागों में भाषा, संस्कृति एवं इतिहास में विविधता होते हुए भी यह बुन्देलखण्ड की भूमि आल्हा-ऊदल और छत्रसाल जैसे महान शख्सियत से भरी पड़ी है। चूँकि, साहित्य समाज का दर्पण होता है, वह किसी भी व्यक्ति, स्थान, संस्कृति एवं भाषा का समग्र परिचय कराता है। वर्मा जी के साहित्य में बुन्देलखण्ड के पहाड़ियों, धामोनी के जंगल, बरुआ सागर की झील, बीहड़, टौरियों तथा बेतवा और धसान जैसी नदियों का उल्लेख मिलता है, साथ ही बुन्देलखण्ड की विभिन्न वनस्पतियों जैसे करधई, कठवर, तेंदु, अचार साज,

महुआ, करौंदे आदि का वर्णन उनके उपन्यासों में किया गया है।

बुन्देलखण्ड की लोक संस्कृति एवं लोक कला की ऐतिहासिकता का चित्रण वृन्दावनलाल वर्मा के उपन्यासों में सफलता से मिलता है। इनके अधिकतर उपन्यास ऐतिहासिक दृष्टि से परिपूर्ण थे। ऐतिहासिक मूल्यों से प्रभावित परिवार में जन्म लेने के कारण उनके उपन्यासों में बुन्देलखण्ड के मध्यकालीन ऐतिहासिक शौर्य एवं वैभव को सजग वर्णित है। वर्मा जी ने झाँसी की रानी उपन्यास में झाँसी के किले के साथ-साथ करकबेहट, ओरछा और बरुआ सामन्त प्रभावी राज्यों एवं उनके किले का सौन्दर्य वर्णन किया है तो वहीं कचनार उपन्यास में धामौनी के किले के विशाल रूप को चित्रित किया है। धामौनी के विषय में वर्मा जी लिखते हैं—"धामौनी एक उजाड़ बीहड़ है, परन्तु इतिहास और परम्परा का एक चमत्कार उसे घेरे हुए है।"[2] वृन्दावनलाल वर्मा ने बुन्देली भाषा में प्रयोग किये जाने वाले शब्दों को अपने ऐतिहासिक पात्रों के मुख से जीवन्त कर दिया है। बुंदेलखंड और उससे जुड़े इतिहास उनके अधिकांश उपन्यासों में यथानुसार अभिव्यक्त हुआ है। इन्होंने अपने अधिकांश उपन्यासों में बुन्देली लोकजीवन और बुन्देली लोक संस्कृति को उसके ऐतिहासिक प्रसंगों के अनुकूल भाव अभिव्यक्त किया है। उनके अधिकांश पात्र बुन्देली भाषा एवं संस्कृति में रचे बसे हैं।

वर्मा जी के लगभग सभी उपन्यासों में प्राकृतिक सौन्दर्य का चित्रण है। यहाँ की झीलें और प्राकृतिक वातावरण दर्शकों को आकर्षित और मंत्रमुग्ध कर लेता है। जिस प्रकार सुमित्रानंदन पन्त प्रकृति के सुरम्य वातावरण में बैठकर प्रकृति के अनुपम सौन्दर्य को निहारा करते थे, उसी प्रकार वर्मा जी भी प्रकृति के प्रति गहरी आत्मीयता रखते थे। भुवन विक्रम उपन्यास में वे लिखते हैं—"अस्ताचलगामी सूर्य की कोमल किरणों पर आश्रमों के हवन के धुआं का पुंज ओढ़नी-सी उढ़ा रहा था। वृक्षों की लम्बी छाया हरी सुनहरी दूब पर मंथर पवन के झोंकों के साथ मन्द-मन्द खिसक रही थी। कहीं-कहीं से आने वाला ऋचाओं का गान चिड़ियों की चहक के साथ गुंथकर उस छाया को स्फूर्ति सी दे रहा था।"[3] लोक गीत लोक संस्कृति का दर्पण है और मानव हृदय की अभिव्यक्ति भी है। संगीत वर्मा जी के जीवन का अभिन्न अंग रहा है। संगीत के प्रति प्रेम को अपनी आत्मकथा अपनी कहानी में वे लिखते हैं—"मुझे गाने व बजाने का शौक रहा है। अकस्मात् उस्ताद आदिल खां से भेंट हो जाती है जिससे उनको संगीत के प्रति इच्छा को और भी बल मिला। दैनिक कार्यक्रम में संगीत भी एक अनिवार्य अंग था। संध्या के समय घूमने टहलने के बाद संगीत की बैठक होती थी जो रात के बारह बजे तक चलती थी।"[4] लोकगीत तो बुंदेलखंड की आत्मा है। जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत तक के संस्कारों में लोकगीतों की संगीतमय धुन मंत्रमुग्ध करती है। मृगनयनी उपन्यास में इनके संगीत प्रेम का सर्वोच्च रूप दिखाई देता है। उनके वास्तविक जीवन का साथी उस्ताद आदिल खां ही मृगनयनी का बैजूबावरा है।"[5] बसन्त ऋतु में बुंदेलखंड की प्रकृति अपने रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियों एवं अनुपम छटा से सभी का मन आकर्षित करती है। होली के अवसर पर जाति-पाँति एवं भेद-भाव से रहित होकर सभी एक दूसरे पर रंगों की बौछार करते हैं और दोपहर बाद मंदिर में एकत्रित होकर स्त्री-पुरुष मिलकर यह गीत गाते हैं—"जाग परी मैं पिय के जगाये, भाग जगे पिय मोरे घर आये/ जा नैनन में नींद करी है, जिन नैनन में आप समाये।"[6] साथ ही मन्दिर का पुजारी भी पूजा के पश्चात् प्रसाद के साथ ही लाल रंग से सबके ऊपर छींटे मारता है और एक लोकगीत गाता है— *'उरझी न श्याम कही मानों/ फट गई चुनरिया जिन जानो/ कंस राजा को राज जुरो है/ गोकुल की गुजरिया मत जानो/ उरझी न श्याम कही मानों।'*[7]

बुन्देली संस्कृति में विभिन्न पर्व, उत्सव एवं ऋतुओं के आगमन का संकेत जनता लोक गीतों से करती है। विराटा की पद्मिनी उपन्यास में दुर्गा कही जाने वाली कुमुद को नरपति प्रणाम करता है और अपना अपराध स्वीकार करते हुए देवी स्वरूप कुमुद से वरदान की कामना करते हुए यह गीत गाता है—"*मलिनिया, फुलवा ल्याओ नंदन वन के/ बीन-बीन फुलवा लगाई बड़ी रास/ उड़ गये फुलवा रह गई बास/ मलिनिया, फुलवा ल्याओ नंदन वन के।*"[8] लोक, जीवन का साक्षात् दर्पण होता है और लोकगीत मानव मन की अभिव्यक्ति का माध्यम। किसी भी समाज की स्थिति, नारी का स्थान, लोक की संस्कृति का माध्यम लोकगीत ही होता है। वर्मा जी के उपन्यास 'झाँसी की रानी', 'कचनार', 'रामगढ़ की रानी' इत्यादि उपन्यासों में भी लोकगीतों का प्रयोग प्रमुखता से हुआ है। समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, सूदखोरी, शोषण, अत्याचार और महाजनों के चंगुल में फंसा समाज लोकगीतों के माध्यम से गढ़कुंडार उपन्यास में अपनी व्यथा-कथा कहता है—"*भैया ऐसे! झकें झरे/ गुनिया बैद्य सबई जुरि आये/ ओखद बूटी सबरे घाले/ रुपया लेयं सगुन को/ पीछे नबज निहारें/ देवे रुपया लिखें सवाय दूने।*"[9]

भारतीय समाज और संस्कृति में अनेक अनुष्ठान एवं रीति-रिवाज घुले-मिले हैं, जिनका निर्वाह जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत तक अनेक संस्कारों के माध्यम से दैनिक जीवन में किया जाता है। ये संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होते रहते हैं। इसलिए जनमानस इसकी अवहेलना नहीं कर पाता है, क्योंकि इससे उनकी आस्था एवं भावनाएं जुड़ी रहती हैं। चूँकि, बुन्देली संस्कृति एवं रीति-रिवाज भारतीय सिद्धांतों पर आधारित हैं, इसलिए वर्मा जी भी अपने उपन्यासों में इनकी अवहेलना नहीं कर पाए हैं। बुन्देली जनता जीवन में उल्लास के लिए अनेक पर्व एवं उत्सवों का आयोजन करता है और इन उत्सवों के अवसर पर रीति-रिवाज एवं परम्पराओं का पालन भी किया जाता है। कचनार उपन्यास में अक्षय तृतीया का पर्व इस प्रकार मनाया जाता है—"अक्षय तृतीया के आने पर समृद्ध पुरुषों के यहाँ दाल, चावल, दही, पकौड़े, कढ़ी और सपूदी रोटी बनाई जाति है, जबकि गरीब के यहाँ केवल चावल ही बनाया जाता है। देवी-देवताओं की पूजा की जाति है, महिदारों और नौकरों को हल्दी के टीके लगाकर खिलाया-पिलाया जाता है। खेत में हल से एक कूंड़ डाला गया। तीसरे पहर उपरान्त, जब थोड़ी-थोड़ी लू चल रही थी स्त्रियाँ चने के भीगे हुए दाना और बताशे लेकर निकल पड़ीं। एक दूसरे को गाते-गाते बांटे। लड़कियों और लड़कों ने आक के अधखिले फल तोड़े और जिनका परस्पर नाता भाई बहिन का या इससे मिलता जुलता न था, एक दूसरे पर फेंके।"[10]

बुंदेलखंड में विवाह के समय अनेक परम्पराओं का निर्वाह किया जाता है। राजगोड़ों में विवाह के समय मछली बेधने की प्रथा है, जिसका निर्वाह वर पक्ष एवं वधू पक्ष दोनों के यहाँ होता है—"धातु की कुण्डी में पानी भरा गया, उसमें आटे की मछली बनाकर डाली गई। छोटे से तीर-कमान दलीपसिंह और उसकी दुलहिन के हाथ में दिए गए। मछली एक डोर से बंधी थी। डोर एक स्त्री के हाथ में थी। वह आटे की मछली इधर-उधर घुमा रही थी। वर-वधू बेधने के लिए अपने छोटे-छोटे तीर छोड़ने लगे। यह नेग लड़की वाले के घर पर भी किया गया था। बारात लौटने पर यहाँ भी किया गया।"[11] इसके साथ ही बुंदेलखंड में वैवाहिक रीति में टीके की प्रथा का भी निर्वाह किया जाता है, इसमें जब तक वर का पिता कन्या पक्ष के यहाँ भोजन नहीं कर लेता तब तक इस रस्म को पूरा नहीं माना जाता है। नव वधू का ससुराल पहुँचने पर नाम परिवर्तित करने की भी प्रथा है इसलिए मनु को लक्ष्मीबाई और निन्नी को मृगनयनी नाम दिया गया।

बसन्त ऋतु का पर्व बुंदेलखंड में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि में गौर की प्रतिमा स्थापित की जाती है, प्रतिमा को फूलों और आभूषणों से विभूषित कर दिया जाता है। यह उत्सव हल्दी-दूब के नाम से जाना जाता है। यह पर्व का सौन्दर्य है। यह पर्व स्त्रियों का होता है जिसमें प्रत्येक वर्ग की स्त्री भाग लेती है, रानियाँ भी इसमें अत्यंत उत्साह से अपने प्रजा और दासियों के साथ इस उत्सव में सहभागिता करती है—"हल्दी-दूब के उत्सव पर बहुत सी स्त्रियाँ एक-दूसरे को रोरी का टीका लगाती हैं और उनको किसी न किसी बहाने अपने पति का नाम लेना पड़ता है।"[12] इनके उपन्यासों में होली का पर्व भी अत्यंत उत्साह एवं धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। होली का उत्सव रंगपंचमी यानि पांच दिन तक मनाई जाति है—"दौड़ते भागते हुए गाँव की सब बहुएं [illegible] से आग्रह करते हुए एक दूसरे पर पिचकारियाँ, गोबर और कीचड़ डालती हैं। नाचने में टेका लगाने वाले पुरुषों को कीचड़ से सराबोर करने पर ही शान्त होती हैं, जिसकी गांठ में पैसा नहीं होता वे होली को रंग के स्थान पर कीचड़ और गंदे पानी से मनाते हैं। भाई-बहन के बीच यह रिवाज नहीं होता।"[13]

वर्मा जी के उपन्यासों में रीति-रिवाज एवं परम्पराओं का निर्वाह अनेक उपन्यासों में हुआ है। नव गृह प्रवेश का रिवाज बुंदेलखंड में आधुनिक रीति-नीति के साथ किया जाता था। गूजरी महल का निर्माण राजा मानसिंह ने अपनी प्रिय रानी मृगनयनी के प्रेम के प्रतीक के रूप में करवाया था, जिसे आज ग्वालियर का सबसे पुराना संग्रहालय भी माना जाता है। गूजरी महल एवं मान-मंदिर के निर्माण के पश्चात् उसमें "गृह प्रवेश के लिए होली के उत्सव की रंग-पंचमी का मुहूर्त रक्खा गया। होली के उत्सव में जनता वैसे ही मस्त थी, रंग-पंचमी के दिन तो मस्ती में डूबने-उतराने लगी। मान-मन्दिर और गूजरी महल के साथ जनता के मन का अपनापन स्थापित था। सैनिकों ने केसरिया साके बांधे, नगर की अन्य स्त्रियाँ रंग-बिरंगेपन में फूट पड़ीं, प्रसिद्ध गायक बैजू भी वीणा वादन कर सरस्वती की वंदना की।"[14]

हमारी भारतीय संस्कृति में कुओं का विशेष महत्व रहा है और स्वाधीनता संग्राम में आल्हा गाथा का प्रभाव अमूल्यवान था। डॉ. विद्या सिन्हा लिखती हैं—"आल्हा लोक की जीवनी शक्ति और ऊर्जा का महाकाव्य है, यद्यपि आल्हा की मूल गायकी बनाफरी बुन्देली में है, लेकिन बुन्देली में ही उसकी कई वर्णन शैलियां हैं। इतना ही नहीं बैसवाड़ी, कन्नौजी, अवधी इत्यादि लोक भाषाओं में भी अलग अलग वर्णन शैलियों की शृंखला है। इनकी विभिन्न शैलियों में हर जनपद की भाषाएं मुहावरे और मिजाज के साथ यहाँ की

लोक संस्कृति और लोक चेतना में इतनी घुलमिल गई है कि वह उस लोक की अपनी कथा बन गई है। यह परम्परा लोककवि जगनिक के आल्हा गायन से प्रारम्भ हुई थी।"[15] आल्हा की जीवनी शक्ति कहीं न कहीं वर्मा जी को भी प्रेरित करती है, उन्होंने युद्धों का सजीव चित्रण अपने कई उपन्यासों में प्रमुखता से किया है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सभी महिलाओं की आदर्श हैं। उनकी वीरता का वर्णन वर्मा जी ने झाँसी की रानी उपन्यास में इस प्रकार किया है–"रानी ने घोड़े की लगाम अपने दाँतों में दाबी और दोनों हाथों से तलवार चलाकर अपना मार्ग बनाना आरम्भ कर दिया और दुहत्थे तलवार से आगे का मार्ग साफ करती चली जा रही थी। अंततः युद्ध करते-करते रानी हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए वीर गति को प्राप्त होती हैं।"[16]

निष्कर्षतः हम देख सकते हैं कि बुंदेलखंड के जीवन एवं संस्कृति का प्रामाणिक अध्ययन वर्मा जी के उपन्यासों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। उपन्यास साहित्य एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से किसी भी क्षेत्र के भाषा, साहित्य एवं लोक संस्कृति का परिचय समग्रता से मिलता है। इनके उपन्यासों में विवाह, पर्व, लोकगीत, लोकरीति, संस्कृति, लोकभाषा, युद्ध और पात्रानुकुल भाषा का निर्वाह गहराई से हुआ है। साथ ही उस क्षेत्र के जनजीवन, भौगोलिक तथा ऐतिहासिक संरचना की विशिष्टता का भी ज्ञान होता है।

संदर्भ सूत्र

1. भारतीय संस्कृति का उत्थान, डॉ. रामजी उपाध्याय, रामनारायण लाल प्रकाशक, इलाहाबाद, पृ.7
2. अपनी कहानी, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, भाग 7, पृ. 825
3. भुवन विक्रम, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी भाग 5, पृ. 130
4. अपनी कहानी, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, भाग 7,पृ. 747
5. वही, पृ. 739
6. मृगनयनी, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, भाग 3, पृ. 561
7. वही, पृ. 567
8. विराटा की पद्मिनी, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, भाग 1, पृ. 806
9. गढ़कुंडार, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, भाग 1, पृ. 76
10. कचनार, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, भाग 3, पृ. 51
11. वही, पृ. 6
12. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, भाग 2, पृ. 161
13. मृगनयनी, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, भाग 3 पृ. 566
14. वही, पृ. 765
15. विद्या सिन्हा, भारतीय साहित्य परंपरा और परिदृश्य, प्रकाशन विभाग भारत सरकार, पृ. 82
16. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, सं. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, भाग 2, पृ. 347

–डॉ. शशिकला
एसो. प्रो., हिन्दी विभाग
वसन्त कन्या महाविद्यालय,
कमच्छा, वाराणसी
Email: shashi.bhu10@gmail.com
Mob. Number. 7376558390

संपादक
डॉ. गिरिराजशरण अग्रवाल
डॉ. मीना अग्रवाल

शोध दिशा

62

ISSN 0975-735X

UGC APPROVED CARE LISTED JOURNAL

शोध दिशा

ISSN 0975-735X

विश्वस्तरीय शोध-पत्रिका

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा से अनुदान प्राप्त

UGC APPROVED CARE LISTED JOURNAL

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त शोध पत्रिका

शोध अंक 62/4 अप्रैल-जून 2023 400.00 रुपए

संपादकीय कार्यालय
हिंदी साहित्य निकेतन, 16 साहित्य विहार,
बिजनौर 246701 (उ०प्र०)
फोन : 0124-4076565, 09557746346
ई-मेल : shodhdisha@gmail.com
वैब साइट : www.hindisahityaniketan.com

क्षेत्रीय कार्यालय

हरियाणा
डॉ० मीना अग्रवाल
ए-402, पार्क व्यू सिटी-2 सोहना रोड,
गुड़गाँव (हरियाणा)

दिल्ली एन०सी०आर०
डॉ० अनुभूति
सी-106, शिवकला अपार्टमेंट्स
बी 9/11, सेक्टर 62, नोएडा
फोन : 09958070700

(सभी पद मानद एवं अवैतनिक हैं।)

संपादक
डॉ० गिरिराजशरण अग्रवाल
07838090732

प्रबंध संपादक
डॉ० मीना अग्रवाल

संयुक्त संपादक
डॉ० शंकर क्षेम
डॉ० प्रमोद सागर

उपसंपादक
डॉ० अशोककुमार
09557746346
डॉ० कनुप्रिया प्रचण्डिया

कला संपादक
गीतिका गोयल/ डॉ० अनुभूति

विधि परामर्शदाता
अनिलकुमार जैन, एडवोकेट

आर्थिक परामर्शदाता
ज्योतिकुमार अग्रवाल, सी०ए०

शुल्क

आजीवन (दस वर्ष): छह हजार रुपए
वार्षिक शुल्क : एक हजार रुपए
यह प्रति : चार सौ रुपए

प्रकाशित सामग्री से संपादकीय सहमति आवश्यक नहीं है। पत्रिका से संबंधित सभी विवाद केवल बिजनौर स्थित न्यायालय के अधीन होंगे। शुल्क की राशि 'शोध दिशा' बिजनौर के नाम भेजें। (सन् 1989 से प्रकाशन-क्षेत्र में सक्रिय)

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक डॉ० गिरिराजशरण अग्रवाल द्वारा श्री लक्ष्मी ऑफसैट प्रिंटर्स, बिजनौर 246701 से मुद्रित एवं 16 साहित्य विहार, बिजनौर (उ०प्र०) से प्रकाशित। पंजीयन संख्या : UP HIN 2008/25034

संपादक : डॉ० गिरिराजशरण अग्रवाल

अनुक्रम

गढ़वाल हिमालय के लोकनृत्य/ **डॉ॰ डी॰एस॰ भंडारी** 20

हिंदी साहित्य में इलाहाबाद का योगदान और बालकृष्ण भट/ **अरुण रंजन** 24

डॉ॰ शशिप्रभा शास्त्री के उपन्यासों में भाषा-सौंदर्य/
चारू रानी, डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद सिंह 28

नागरी प्रचारिणी सभा और शोधपरक पत्रकारिता का आरंभ/
कुलदीप कुमार पुष्पाकर 35

लोककवि पं॰ हरिपाल गौड़ के साहित्य में रस से परिपूर्ण वाणी/ **अनीता देवी** 39

निराला काव्य में दलित चेतना/ **डॉ॰ मिन्तु, नीरज कुमार** 46

अनुवाद विमर्श और मानव विकास/ **डॉ॰ एस॰ प्रीति** 51

स्त्री-विमर्श: उपलब्धि एवं सीमाएँ/ **नीरज कुमार, डॉ॰ मिन्तु** 56

केरल में हिंदी का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक एवं राजनीतिक
परिप्रेक्ष्य में प्रसार/ **डॉ॰ पुरुषोत्तम कुंदे, डॉ॰ अरविंद कुमार रावत** 61

अज्ञेय की भारत विभाजन-संबंधी कहानियों में अभिव्यक्त मानवीय संवेदना/
डॉ॰ राजा राम 68

'ढलती साँझ का सूरज' उपन्यास में किसान विमर्श/ **डॉ॰ ऋतु** 75

कथाकार दामोदर मावजो कृत 'कार्मेलीन' उपन्यास : विभिन्न पहलू/
डॉ॰ रूपा चारी 80

साहित्य लेखन की विषयवस्तु एवं साहित्य सेविका के रूप में
महिलाओं का योगदान/ **डॉ॰ संध्या पुजारी** 84

पुरुष सत्ता एवं स्त्री प्रतिरोध की कसौटी : माधवी नाटक/ **डॉ॰ शशिकला** 90

नाला सोपारा में चित्रित किन्नर का संघर्ष/ **सुनीता चौहान, डॉ॰ बी॰ कामकोटी** 94

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए
(देश के विकास में युवाओं का महत्त्व)/ **डॉ॰ राजल गुप्ता** 97

शंकर शैलेंद्र की कविताओं में सामाजिक विषमता का स्वरूप/
लक्ष्मण कुमार पंकज 102

समकालीन हिंदी उपन्यासों में मध्यवर्गीय नारी चेतना/
डॉ॰ शाहिद हुसैन, डॉ॰ श्रद्धा हिरकने 107

दलित साहित्य और उसका सौंदर्यशास्त्र : एक विवेचन/ **डॉ॰ अमित कुमार** 111

परवीन शाकिर का रचना संसार : नारी मन का विस्तार/ **डॉ॰ शैव्या त्रिपाठी** 115

छायावादी कवियों की राष्ट्रीय चेतना/ **डॉ॰ नागेंद्र कुमार शर्मा** 122

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य पर योग का प्रभाव/
डॉ॰ मौसम पारीक, दीपशिखा शर्मा 129

पुरुष सत्ता एवं स्त्री प्रतिरोध की कसौटी: माधवी नाटक

डॉ॰ शशिकला, एसो॰ प्रोफेसर, हिंदी विभाग
वसंत कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी भीष्म साहनी हिंदी गद्यकारों में सर्वश्रेष्ठ रचनाकार हैं। वे मूलत: कथाकार हैं किंतु उनके नाटकीय व्यक्तित्व के संदर्भ में जयदेव तनेजा लिखते हैं, 'स्वाभाविक-यथार्थपूर्ण चरित्रों की जीवंत सृष्टि, क्षणों की सूक्ष्म पकड़, सहज नाटकीय प्रसंगों की अद्भुत समझ, गहन विडंबनापूर्ण स्थितियों की अचूक पहचान, रोचक एवं कुतूहलपूर्ण घटनाक्रम की कुशल योजना और तनावपूर्ण मन:स्थितियों के मनोवैज्ञानिक विश्लेषण की तार्किक शक्ति जैसी नाट्य लेखन के लिए सभी प्रमुख विशेषताएँ भीष्म साहनी के कथासाहित्य में आरंभ से ही विद्यमान थीं।'[1] भीष्म साहनी के लेखन में विविधता को इस तथ्य के आलोक में और अधिक गहराई से समझा जा सकता है कि उनके लेखन की प्रमुख विधाओं–कहानी, उपन्यास और नाटक तीनों में उनके तेवर एकदम अलग हैं। कहानी में जहाँ वे सामाजिक-पारिवारिक मूल्यों को महत्त्व देते हैं वहीं उनके उपन्यास विभाजन की त्रासदी के जीवंत दस्तावेज हैं। ज्योतिष जोशी का कहना है, 'नाटककार भीष्म साहनी कथा और उपन्यास से एकदम अलग हैं। इस क्षेत्र में वह बिल्कुल नये चेतना और सोच की बात करते हैं।'[2]

भीष्म साहनी ने कुल छह नाटकों की रचना की। हानूश (1977), कविरा खड़ा बाजार में (1981), माधवी (1984), मुआवजे (1993), रंग दे बसंती चोला (1996), आलमगीर (1999)। इन्होंने अपने एक साक्षात्कार में एक सवाल के जवाब में नाटक-संबंधी अपनी रुचि के विषय में कहा है कि 'नाटक की दुनिया बड़ी आकर्षक और निराली है। किस तरह धीरे-धीरे नाटक रूप लेता है और रूप लेने पर कैसे एक नए संसार की सृष्टि हो जाती है। यह अनुभव बहुत ही सुखद और रोमांचकारी होता है। नाटक खेलनेवालों के सिर पर एक तरह का जुनून छाया रहता है, जिसका मुकाबला नहीं।'[3] नाटक और रंगमंच के प्रति अपने रुझान का उल्लेख भीष्म जी ने अपनी आत्मकथा में कई स्थानों पर किया है। बचपन से ही वे नाटकों में अभिनय करते थे। वे स्वयं लिखते हैं, 'मैं चौथी कक्षा में पढ़ता था जब स्कूल में खेले गए एक नाटक में पहली अदाकारी की। नाटक का नाम 'श्रवण कुमार' था और मैं श्रवण कुमार की भूमिका ही निभा रहा था।'[4] बचपन से नाटक में रुचि होते हुए भी प्रारंभिक दौर में वह कहानियाँ ही लिखते रहे–'रंगमंच के मायावी आकर्षण से बिंधे भीष्म साहनी एक अभिनेता, निर्देशक, व्यवस्थापक, अनुवादक, रूपांतरकार, दर्शक और थिएटर एक्टिविस्ट के नाते रंगमंच से कमोबेश हमेशा ही जुड़े रहे। इसके बावजूद यह भी सच है कि 1976 में अपना पहला मौलिक नाटक हानूश लिखने से पहले तक उनके रचनात्मक लेखन का केंद्र कहानी-उपन्यास ही रहा और उस क्षेत्र में उन्होंने खूब ख्याति, प्रतिष्ठा और लोकप्रियता भी अर्जित की। परंतु जब नाट्य-लेखन के क्षेत्र में सक्रिय हुए तो हानूश को लेकर बड़े भाई की प्रतिक्रिया और सुप्रसिद्ध नाट्य-निर्देशक इब्राहिम अलकाजी की उपेक्षा भी उन्हें हतोत्साहित नहीं कर सकी।'[5]

ISSN 0975-735X

भीष्म साहनी द्वारा लिखित नाटक माधवी, जिसे पहली बार 1982 में प्रदर्शित किया गया था और बाद में 1984 में एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया था। नाटक वास्तव में महाभारत के एक सूक्ष्म कथा पर केंद्रित है और इसकी कथा माधवी और गालव के इर्द-गिर्द चलती है। महाभारत में वर्णित कथा के अनुसार, माधवी नहुष कुल के चंद्रवंशी राजा ययाति की पुत्री थी, पौराणिक कथा पर आधारित होते हुए भी यह एक फेमिनिस्ट नाटक है। बेहद नाटकीय और संभावनाओं से भरे इस कथानक में न सिर्फ स्त्री के शोषण और समाज में उसके दोयम दर्जे के लिए उत्तरदाई कारणों को समझा जा सकता है बल्कि यह देह व ताकत की राजनीति को भी उघाड़कर रख देता है। पितृसत्तात्मक समाज में स्त्री को केवल देह मात्र समझा जाता है और पुरुष उसको अपनी निजी संपत्ति समझकर मनमाना शोषण करता रहा है। स्त्रियों के प्रति होने वाले अन्याय ने ही स्त्री विमर्श को जन्म दिया।

दानवीर ययाति ने अपनी पुत्री माधवी को मुनि गालव को सिर्फ इसलिए सौंप दिया, ताकि वह माधवी को बाकी राजाओं को देकर उसके बदले में 800 अश्वमेधी यानी सफेद घोड़े प्राप्त कर सके। सुनने में भले अजीब लगे, पर कहानी यूँ है कि गालव, ऋषि विश्वामित्र के बड़े प्रिय शिष्य थे। अपनी दीक्षा पूरी करने के बाद गुरु विश्वामित्र को गुरु-दक्षिणा देना चाहते थे। ऋषि विश्वामित्र ने गालव को कई बार मना किया। कहा–तुम 12 कलाओं में निपुण हुए हो, यही मेरी गुरु दक्षिणा है। लेकिन, गालव जिद पर अड़े रहे। तब गालव के हठ से नाराज ऋषि विश्वामित्र ने उसे 800 अश्वमेधी घोड़े दक्षिणा में देने को कहा। जिसका निमित्त माधवी बनती है और ययाति अपनी झूठी एवं खोखली दानवीरता तथा प्रतिष्ठा को कायम रखने के साधन के रूप में जब माधवी को गुरु दक्षिणा चुकाने के लिए गालव को सौंप देते हैं तो वह अपने पिता से प्रश्न करती है–'आज माँ होती तो क्या वे भी मुझे इस तरह दान में दे देतीं।'[6] एक स्त्री जिसे प्रकृति ने उपहार स्वरूप प्रेम, मातृत्व एवं त्याग जैसी गुणों से सुशोभित किया है, किंतु माधवी प्रकृति के इस उपहार से सुशोभित होने के पश्चात् भी मातृत्व सुख से वंचित रह जाती है। जब गालव कहता है कि तुम स्वतंत्र हो तब अपने हृदय की पीड़ा व्यक्त करते हुए वह कहती है–'स्वतंत्र? कैसी स्वतंत्रता गालव? उन दीवारों के पीछे मेरा नन्हा बालक मुँह खोले मेरा स्तन ढूँढ रहा है, और तुम कहते हो मैं स्वतंत्र हूँ।'[7] माधवी अपने कर्त्तव्य निर्वाह के लिए अपने नवागत शिशु को भी छोड़कर चली आती है, जबकि प्रथम बार राजा हर्यश्व के दरबार में जाने पर उसे कई अग्नि परीक्षा देनी होती हैं, क्योंकि माधवी को यह वरदान प्राप्त था कि उसके गर्भ से उत्पन्न होने वाला पुत्र चक्रवर्ती राजा बनेगा। हमारी भारतीय संस्कृति के विरुद्ध माधवी को स्त्री नहीं एक वस्तु समझा जाता है और उसके प्रत्येक अंग प्रत्यंग की जाँच की जाती है–'राजज्योतिषी पीठिका के इर्द-गिर्द घूमता हुआ माधवी को ऊपर से नीचे तक देखता है, फिर एक-एक अंग का निरीक्षण करने लगता है।'[8]

भीष्म साहनी ने इस नाटक के माध्यम से स्त्री स्वातंत्र्य पर प्रश्नचिह्न लगाया है। पौराणिक कथा के माध्यम से उन्होंने प्राचीनता में नवीनता का समावेश किया है। माधवी नाटक की मूल कथा महाभारत के उद्योग पर्व से लिया गया है किंतु महाभारत की वह कर्त्तव्यपरायण और सेवाभाव रखने वाली स्त्री जिसके अंदर कभी प्रतिरोध का भाव नहीं था, जो केवल समर्पण करना जानती थी, उसमें भीष्म साहनी ने अपने नाटक के माध्यम से प्रतिरोध का भाव जाग्रत किया है। वह गालव से कहती है–'यह क्या हो रहा है, गालव? तुम मुझे कहाँ ले आए हो? मेरे साथ किस जन्म का बैर चुकाने आए हो?'[9] यहीं से माधवी का प्रतिरोध प्रारंभ होता है। इस नाटक में गालव और ययाति

ISSN 0975-735X

सामंती सोच के प्रतिनिधि पात्र के रूप में सामने आए हैं। तभी तो ययाति, माधवी को दानस्वरूप गालव को देते हुए कहते हैं–'राज ज्योतिषियों ने माधवी के लक्षणों की जाँच की है। इसके गर्भ से उत्पन्न होने वाला बालक चक्रवर्ती राजा बनेगा। सुना मुनिकुमार? ऐसे लक्षणोंवाली युवती को पत्नी कोई भी राजा तुम्हें घोड़े दे देगा। माधवी को पाकर वह धन्य होगा। तुम निःसंकोच इसे ले जाओ।'[10] एक पिता के मुख स्वयं अपनी पुत्री के लिए ऐसी बातें कहना शोभा नहीं देता, निश्चित रूप से दानवीरता में प्रसिद्धि प्राप्त करने के लिए ययाति अपनी पुत्री को वस्तु समझकर दान कर देते हैं।

माधवी पुरुषप्रधान समाज में एक भारतीय एवं परंपरागत नारी के रूप में आजीवन घुट-घुट पीड़ा संत्रास को सहते हुए निरंतर त्याग करने वाली समर्पित नारी के रूप में हमारे सामने आती है। इस पूरे नाटक में पुरुष सत्ता हावी है। ययाति और गालव के साथ-साथ जिन राजाओं के रनिवास में माधवी रही, वहाँ की स्त्रियों की दयनीय दशा को देखकर वह कराह उठती है और गालव से कहती है–'जानते हो, जिन रानियों से राजा को संतान नहीं मिली, महल की दीवारों के पीछे उनकी क्या गति हुई? उन्हें भोजन तक के लिए कोई नहीं पूछता था। मेरे महल में आ जाने के बाद भी राजा ने दो ब्याह और किए हैं।'[11] अर्थात् उन रानियों की स्थिति दासियों से भी बदतर थी, समाज में आज भी पुत्र की कामना ही की जाती है, पुत्री उसके लिए बोझ होती है क्योंकि हमारा भारतीय समाज पुत्र को ही वारिश मानता है, यही कारण है कि वारिश या पुत्र न दे पाने के कारण रानियाँ रनिवासों में कैदी का जीवन जीने के लिए विवश होती थीं।

भारतीय समाज में स्त्री को स्वतंत्र नहीं माना गया। वह पुत्री, बहन, पत्नी और माँ के रूप में पुरुष के अधीन है। दिव्या उपन्यास में 'दिव्या' जब बुद्ध के शरण में जाना चाहती है तो उसे यह कहकर रोक दिया जाता है कि क्या उसने पुरुष रूपी अभिभावक से अनुमति ली है अगर नहीं तो वह बुद्ध शरण में नहीं जा सकती। क्योंकि वेश्या ही एक ऐसी स्वतंत्र नारी है, जिसे किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं और अंततः दिव्या को राज नर्तकी आम्रपाली के शरण में जाना पड़ता है। यहाँ माधवी भी पिता ययाति और गालव के प्रति कर्त्तव्यबद्ध है, वह पिता से बिना किसी शिकायत के अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करती है फिर भी उसे उचित सम्मान नहीं मिलता। ययाति माधवी से बिना पूछे उसको दान में दे देते हैं, उसकी राय भी लेना आवश्यक नहीं समझते और माधवी से कहते हैं–'मैंने तुम्हें सौंप दिया है। इस युवक की अभ्यर्थना को मानते हुए मैंने तुम्हें दान में दे दिया है। तुम्हारे माध्यम से इस युवक की प्रतिज्ञा पूरी होगी।'[12] एक पिता द्वारा पुत्री को इस प्रकार दान दे देना उसकी संवेदनहीनता का परिचायक है। यश और प्रसिद्धि की चाहत में वह अपनी एकमात्र पुत्री को दान में दे देते हैं और भविष्य में भी उसके हित के बारे में सोचना भी पाप समझते हैं।

गालव के प्रति कर्त्तव्यों का निर्वाह करते हुए माधवी स्वयं को मिटाकर गालव को सम्मान और प्रतिष्ठा दिलाती है। अग्निपरीक्षा देते-देते माधवी एक बार गालव की भी परीक्षा लेना चाहती है और बिना अनुष्ठान किए ही वह गालव के सामने आती है क्योंकि उसे विश्वास था कि गालव उससे प्रेम करता है, किंतु गालव उसके सुंदर रूप और यौवन से प्रेम करता था। माधवी अब तीन पुत्रों को जन्म दे चुकी एक स्त्री है जिसे गालव यह कहकर अस्वीकार कर देता है–'पर जो स्त्री मेरे गुरु के आश्रम में रह चुकी हो, उसे मैं अपनी पत्नी कैसे बना सकता हूँ?'[13] माधवी गालव से हृदय से प्रेम करती थी जबकि गालव का प्रेम केवल और केवल दैहिक था। तभी तो गालव, माधवी के जर्जर शरीर को देखकर विवाह करने से मना कर देता है, जबकि माधवी चाहती तो अनुष्ठान

ISSN 0975-735X

करके फिर से कुमारी हो सकती थी क्योंकि उसे चिरकौमार्य का वरदान प्राप्त था। तब माधवी प्रतिरोध करती है और गालव से कहती है–'ओ गालव, गालव तुम सीधी बात क्यों नहीं करते? दिल में तुम्हारे वासनाएँ कुलबुलाने लगी हैं, ऊपर से तुम आदर्शों और मर्यादाओं की बात करते हो।'[14] लेकिन जैसे ही माधवी ने कहा कि मैं तुम्हारी परीक्षा ले रही थी, और अब तुम स्वतंत्र हो। और उसे धिक्कारती है तथा गालव का त्याग कर देती है और कहती है–'तुम जाओ, गालव, गुरुजन तुम्हारी राह देख रहे हैं। युग-युगों तक तुम्हें मेरा आशीर्वाद मिलता रहे। मैंने अपनी भूमिका निभा दी...।'[15] माधवी यहाँ पर पुरुष मानसिकता का प्रतिरोध करती है और गालव के लाख गिड़गिड़ाने के बाद भी उसे छोड़कर जीवन के अपनी डगर पर चल पड़ती है जहाँ वह वास्तविक रूप से स्वतंत्र थी। माधवी का यह कदम सामंती सोच रखने वाली पुरुष मानसिकता पर जोरदार तमाचा है क्योंकि वास्तविक रूप से स्त्री कोई वस्तु नहीं जिसे पुरुष जब चाहे खरीद-फरोख्त कर सके। माधवी का यह कदम संपूर्ण स्त्री समाज को आइना दिखाता है।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भीष्म साहनी के पास जीवन को देखने की व्यापक दृष्टि है। मानवीयता उनके नाटकों की आधारभूमि है। व्यक्ति एवं समाज के जटिल संबंधों को सहजता से जीवंत बना देना उनकी विशेषता है। कला और सत्ता के विरोधाभासी चरित्रों की जितनी सशक्त अभिव्यक्ति उनके नाटकों में हुई है वैसी अन्यत्र दुर्लभ है। विषय चाहे ऐतिहासिक हो या काल्पनिक वे समकालीन समस्याओं एवं विसंगतियों को गहरी सूझबूझ के साथ प्रदर्शित करते हैं। नाटककार के रूप में हिंदी साहित्य में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

संदर्भ

1. आधुनिक भारतीय नाट्य-विमर्श, जयदेव तनेजा, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2010, पृ॰ 111
2. रंग विमर्श, ज्योतिष जोशी, नई किताब प्रकाशन, दिल्ली, 2011, पृ॰ 116
3. भीष्म साहनी, व्यक्ति और रचना, राजेश्वर सक्सेना एवं प्रताप ठाकुर, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण 1997, पृ॰ 16
4. आज के अतीत, भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2013, पृ॰ 44
5. आधुनिक भारतीय नाट्य-विमर्श, जयदेव तनेजा, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2010, पृ॰ 113
6. माधवी, भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2004, पृ॰ 21
7. वही, पृ॰ 64
8. वही, पृ॰ 36-37
9. वही, पृ॰ 38-39
10. वही, पृ॰ 21
11. वही, पृ॰ 66
12. वही, पृ॰ 20
13. वही, पृ॰ 115
14. वही, पृ॰ 115
15. वही, पृ॰ 119

ISSN 0975-735X